# प्रेस–विज्ञप्ति

## आरसीए एकेडमी ने सुनिल गावस्कर इलेवन को हराया

जयपुर 18 मई, 2012 मुम्बई में चल रहे अन्डर–14 वेरोक कप मुकाबले में आरसीए एकेडमी ने सुनिल गावस्कर 11 को 9 विकिट से हरा 4 अंक प्राप्त किये।

आरसीए एकेडमी ने कल के स्कोर 97/2 को आगे बढ़ाते हुए अपनी पहली पारी में 246 रन बनाये जिसमें कार्तिकेन 28, अरूण विश्नोई 83 एवं महिपाल लोमरोर 49 रन की पारी खेलते हुए अपनी टीम को पहली पारी में 81 रन की बढत दिलायी।

जवाब में सुनिल गावस्कर इलेवन 81 रन की बढ़त का पीछा करना प्रारम्भ किया लेकिन आरसीए एकेडमी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए बलजीत सिंह 39/2, महिपाल लोमरोर 17/3, सारीफ हुसैन 21/3 एवं सुरजान सिंह ने 19/1 विकिट लेते हुए सुनिल गावस्कर इलेवन को मात्र 116 रन पर आल आउट कर दिया एवं आरसीए एकेडमी को जीत हासिल करने के लिए मात्र 35 रन का लक्ष्य मिला। आसान से लक्ष्य को आरसीए एकेडमी ने 1 विकिट खोकर प्राप्त कर लिया, आरसीए एकेडमी की ओर से दूसरी पारी में महिपाल लोमरोर 23 एवं अरूण विश्नोई ने 10 रन बनाये एवं अपनी टीम को 9 विकिट से जीत दिलाते हुए 4 अंक अर्जित किये।

**के०के० शर्मा**
**कार्यवाहक सचिव**